वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) वर्ष 1995-96 में सरकार का प्रति व्यक्ति आन्तरिक और विदेशी ऋण क्रमशः 3272 रुपए और 1601 रुपए बैठता है।

(ख) वर्ष 1995-96 के स०घ०उ० (अनंतिम अनुमान) की प्रतिशतता के रूप में सरकारी खाते पर विदेशी ऋण और ऐसे ऋण पर ब्याज अदायगी और वर्ष 1995-96 (सं०अ०) के लिए बजट व्यय निम्नानुसार है:

	बकाय ऋण	ब्याज
बजट की प्रतिशतता	81.1	2.4
स०घ०उ० की प्रतिशतता	13.6	0.4

भारत सरकार के आन्तरिक ऋण और अन्य चालू देनदारियों के इसी प्रकार के अनुपात निम्नानुसार हैं:

	बकाया ऋण	ब्याज
बजट की प्रतिशतता	302.0	25.7
स०घ०उ० की प्रतिशतता	50.6	4.3

(ग) और (घ) सरकार ऋण शोधन अनुपात को सुविधाजनक स्तरों तक कम करने के उद्देश्य से एक विवेकपूर्ण विदेशी ऋण प्रबंधन नीति का अनुसरण कर रही है। इसमें निर्यात अभिवृद्धि और अन्य चालू प्राप्तियों में वृद्धि करना, कुल ऋण की वृद्धि में कमी करना, ऋण के महंगे और अल्प कालिक घटक की वृद्धि में कमी करना तथा विदेशी निवेश जैसे गैर-ऋण सृजक अर्न्तप्रवाहों में वृद्धि करना जैसे उपाय शामिल है। आन्तरिक ऋण के मामले में सरकार प्राप्तियों को बढ़ाकर तथा व्यय को सीमित करके राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने का प्रयास करेगी।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

आयकर विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में छापे

1564. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयकर विभाग द्वारा वर्ष 1994-95 के दौरान और 31 मार्च, 1996 तक मध्य प्रदेश में कितने छापे मारे गए;

(ख) किन-किन फर्मों और व्यक्तियों की चल तथा अचल संपत्तियों को जब्त किया गया है और उनके मूल्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 1995-96 के दौरान मारे गए छापों में से कितने मामलों का निपटारा नहीं किया गया है?

वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) आयकर विभाग ने मध्य प्रदेश में 1994-95 के दौरान 58 तलाशी वारंट और 1995-96 के दौरान 127 तलाशी वारंटों का निष्पादन किया।

(ख) विभाग द्वारा ऐसे वर्गीकृत आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। फिर भी, मध्य प्रदेश के संबंध में परिसंपत्तियों की कुल जब्ती 1994-95 के दौरान 1579.92 लाख रु० और 1995-96 के दौरान 3283.63 लाख रु० की थी।

(ग) प्रत्यक्ष कर कानूनों के उपबंधों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की गयी है। दिनांक 1.4.95 से 30.6.96 के बीच की तलाशियों के मामलों में कर-निर्धारण पूरा करने का समय 31.3.99 है और 1.7.95 से 31.3.96 के बीच की तलाशियों के संबंध में कर-निर्धारण पूरा करने का समय अंतिम तलाशी प्राधिकार निष्पादित करने वाले महीने के अन्त से एक वर्ष का है।

Raids conducted by Income-Tax Department

1565. SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the details of raids conducted by the Income-tax Department at the offices, residences and distilleries of big and middle industrialist groups in the country during the last three years; and

(b) the details indicating the amount recovered in these raids from these industrial groups?

THE MINISTER OF FINANCE AND THE MINISTER OF COMPANY AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) and (b) Searches were conducted on nine groups by the Income-tax Department at the offices, residences and distilleries of big and middle industrialist groups in the country during the last three years. The total seizure of assets affected during these searches was of Rs. 1668.78 lakhs.